# हरिभूमि

विजय दशमी की मंगलकामनाएं


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024





हाईकोर्ट ने कहा

# आरटीआई के तहत हर संस्था को देनी होगी पूरी जानकारी

## कुदूदंड स्थित चर्च ऑफ ख्राइस्ट मिशन के खिलाफ फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



आरटीआई के संबंध में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने बिलासपुर कुदूदंड स्थित चर्च चर्च ऑफ ख्राइस्ट मिशन से संबंधित एक मामले में कुछ इस तरह व्यवस्था दी है। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने संस्था को निर्देशित किया है कि अगर कोई व्यक्ति सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत विधिवत आवेदन पेश करता है तो उसे जानकारी देनी होगी। दरअसल संस्था ने यह कहते हुए जानकारी देने से इन्कार कर दिया था कि उसे केंद्र व राज्य शासन से किसी तरह का कोई अनुदान नहीं मिलता है। जानकारी मांगने वाला व्यक्ति संस्था से संबंधत नहीं है। इस पर कोर्ट ने साफ कहा है कि यदि कोई व्यक्ति अधिनियम 2005 के तहत कोई जानकारी मांगता है तो इस अधिनियम के अन्तर्गत याचिकाकर्ता सोसायटी सूचना देने के लिए उत्तरदायी होगी।

## भाजपा महाराष्ट्र और झारखंड के आगामी विधानसभा चुनावों में भी जीतेगी: नड्डा

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया है कि महाराष्ट्र और झारखंड के आगामी विधानसभा चुनावों में भी उनकी पार्टी जीत हासिल करेगी। हरियाणा की जीत से उत्साहित नड्डा ने हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में कहा कि हरियाणा में एक भ्रम पैदा किया गया। जमीनी हकीकत कुछ और थी लेकिन माहौल कुछ और ही बना और आखिरकार भाजपा चुनाव जीत गई। जम्मू-कश्मीर में हमारा वोट शेयर बढ़ा है । भाजपा अध्यक्ष बिलासपुर में श्री नैना देवी मंदिर में मत्था टेकने और 'कंजक पूजन' करने के बाद कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार के प्रदर्शन से खुश हैं।

## नुकसान से बचने के लिए अतीत और वर्तमान की घटनाओं से सबक लेना जरूरी: राजनाथ सिंह

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** दुनिया के कुछ हिस्सों में जारी युद्ध और चीन-पाक की सीमाई सुरक्षा चुनौती के बीच शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के कमांडर सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नुकसान से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के साथ ही अतीत और वर्तमान में हुई घटनाओं से सीख लेते रहना चाहिए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के लिए जरूरी है कि हम सतर्क रहें, नियमित रूप से आधुनिकीकरण करें और तमाम आकस्मिक स्थितियों से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहें। उन्होंने उत्तरी सीमा पर चीन के साथ जारी एलएसी विवाद पर टिप्पणी करते हुए अचानक सामने आई परिस्थिति से निपटने के लिए सेना पर पूर्ण भरोसा जताया।










# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024





# एयर इंडिया प्लेन का हाइड्रोलिक फेल, 2 घंटे चक्कर लगाने के बाद सुरक्षित लैंडिंग, 140 यात्री रहे सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तमिलनाडु के त्रिची से शारजाह जा रही एयर इंडिया की एक उड़ान में अचानक हाइड्रॉलिक सिस्टम में गंभीर खराबी आ जाने के कारण उसमे सवार 140 यात्रियों की जान सांसत में आ गई। लगभग दो 2 घंटे तक फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो पाई और वह त्रिची एयरपोर्ट के ऊपर ही चक्कर लगाती रही। इस विमान को रात 8.20 बजे सुरक्षित लैंड कराया गया। बताया गया कि जब पायलट ने पाया कि टेक ऑफ के बाद इसका हाइड्रॉलिक खराब हो गया है तो उसने इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद पायलट ने इसे वापस त्रिची एयरपोर्ट पर उतारने की कोशिश की। पायलट ने पूर्ण एमरजेंसी घोषित कर दी थी।

**फ्लाइट नंबर- एएक्सबी 613 में आई खराबी**

- **02** घंटे तक आसमान में लगाया चक्कर
- **5:40** बजे शाम त्रिची से भरी थी उड़ान
- **8:20** बजे रात को हुई सुरक्षित लैंडिंग

## त्रिची से शारजाह जा रही थी फ्लाइट




### क्या है बेली लैंडिंग प्रक्रिया

बेली लैंडिंग एक आपातकालीन लैंडिंग प्रक्रिया है, जिसमें विमान अपने अंडरकारेज (लैंडिंग गियर) को पूरी तरह या आंशिक रूप से खोले बिना ही जमीन पर उतारा जाता है। इसे गियर-अप लैंडिंग भी कहा जाता है, क्योंकि इस स्थिति में विमान के लैंडिंग गियर पूरी तरह से काम नहीं कर रहे होते हैं या खोले नहीं जा सकते।

### क्या हुआ पूरा घटनाक्रम

एयरपोर्ट प्रबंधन के मुताबिक 140 यात्रियों को लेकर एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान एएक्सबी 613 ने त्रिची से शाम 5:40 बजे शारजाह के लिए उड़ान भरी थी। विमान जैसे ही रनवे से हवा में पहुंचा तो उसके हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी आ गई। इसके बाद ईंधन कम करने के लिए विमान के हवा में ही उड़ाया गया। करीब ढाई घंटे तक विमान हवा में चक्कर काटता रहा।

### मौके पर तैनात रही रेस्क्यू टीम

फिलहाल फ्लाइट के हाइड्रोलिक सिस्टम के खराब होने की बात कही जा रही है। इसी बीच मौके पर रेक्स्यू टीम पहुंच गई थीं। आपात स्थिति को देखते हुए 20 से ज्यादा एम्बुलेंस तैनात कर दिए गए थे। एयरपोर्ट पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंच गई थीं। चौंकाने वाली बात यह है कि वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 पर फ्लाइट की लोकेशन एयर पोर्ट पर चक्कर लगाते हुए दिख रही थी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू ने दशहरा पर्व की दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को विजयादशमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह



त्योहार उच्च मानवीय आदर्शों में अपनी आस्था को और मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्रपति ने कहा, ''विजयादशमी के पावन अवसर पर मैं देश के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। विजयादशमी का त्योहार अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। दशहरा के त्योहार को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है।

### केरल के मंदिर में गैस लीक से झुलसे पुजारी की मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित किलिमन्नूर पुदीयाकावु भगवती मंदिर में गैस रिसाव के कारण मंदिर में विस्फोट



हुआ। इस घटना में मुख्य पुजारी के गंभीर रूप से झुलसने की वजह से मौत हो गई है। मृतक की पहचान अझूर निवासी जयकुमारन नंबूदरी के रूप में हुई है, जिनकी आयु 49 वर्ष बताई जा रही है। बता दें कि यह घटना कल शाम करीब 6.15 बजे मंदिर के रसोईघर में घटी। आग एलपीजी सिलेंडर से गैस लीक होने के कारण लगी थी।

**रतन टाटा की जगह बनाए गए चेयरमैन**

# नोएल टाटा के नए 'रतन'

## विभिन्न ट्रस्ट के न्यासियों ने मुंबई में एक संयुक्त बैठक कर लिया सर्वसम्मति से निर्णय

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा अब 'टाटा ट्रस्ट्स' के चेयरमैन होंगे। उद्योगपति रतन टाटा का निधन हो जाने के बाद उनके उत्तराधिकारी की तलाश शुरू हो गई थी। टाटा ट्रस्ट्स में शामिल विभिन्न ट्रस्ट के न्यासियों ने मुंबई में एक संयुक्त बैठक कर रतन टाटा को श्रृद्धांजलि अर्पित की। उसके पश्चात हुई महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से नोएल नवल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स और उसके तहत आने वाले अन्य सभी ट्रस्ट का चेयरमैन नियुक्त किया गया। नोएल टाटा की नियुक्ति तत्काल प्रभावी हो गई।

गौरतलब है कि रतन टाटा की छत्रछाया में अधिकतर काम करने के बाद नोएल (67) को अब 'टाटा ट्रस्ट्स' का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिली है। इसमें मोटे तौर पर सर रतन टाटा ट्रस्ट एंड अलाइड ट्रस्ट्स और ▶▶|शेष पेज 6 पर

### कौन हैं नोएल टाटा

नोएल टाटा रतन टाटा के पिता नवल टाटा की दूसरी पत्नी सिमोन डुनोयर के बेटे हैं। वे पिछले 40 सालों से टाटा समूह से जुड़े हुए हैं और महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। नवल टाटा की पहली पत्नी सूनी के 2 बेटे हैं, जिसमें रतन टाटा और जिमी टाटा हैं। 1940 में सूनी से तलाक लेने के बाद नवल टाटा ने 1955 में स्विट्जरलैंड की व्यवसायी सिमोन डुनोयर से दूसरी शादी की। नोएल नवल और सिमोन के बेटे हैं। मौजूदा समय में नोएल ट्रेंट, वोल्टास, टाटा निवेश और टाटा इंटरनेशनल के चेयरमैन हैं। वे टाटा स्टील के उपाध्यक्ष और सररतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड में भी हैं। जिमी 25 साल पहले रिटायर हो चुके हैं।



### नोएल टाटा के 3 बच्चे भी शामिल हैं ट्रस्ट में

टाटा ट्रस्ट्स के नए चेयरमैन नोएल टाटा के तीन बच्चे हैं- लिया, माया और नेविल। सबसे बड़ी बेटी लिया टाटा ने आईई बिजनेस स्कूल, मैड्रिड से मार्केटिंग में मास्टर्स डिग्री हासिल की है और अभी टाटा समूह में कार्यरत हैं। वह इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड में वाइस प्रेसिडेंट की जिम्मेदारी निभा रही हैं। माया टाटा ने अपने करियर की शुरुआत टाटा कैपिटल में एक एनालिस्ट के रूप में की थी और कंपनी में धीरे-धीरे ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही हैं। नेविल टाटा ने ट्रेंट से अपने करियर की शुरुआत की, जो उनके पिता द्वारा स्थापित टाटा की एक रिटेल कंपनी है। नेविल आयरिश सिटिजन हैं।

### टाटा समूह में सबसे ऊपर है टाटा ट्रस्ट

अभी टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन हैं, लेकिन उनसे ऊपर टाटा ट्रस्ट है, जिसकी कंपनी में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है। निधन से पहले रतन टाटा इस ट्रस्ट के प्रमुख थे। टाटा समूह में रतन टाटा अंतिम व्यक्ति रहे जो टाटा संस और ट्रस्ट में एक साथ प्रमुख थे। बाद में कंपनी के आर्टिकल में संशोधन कर एक व्यक्ति के दोनों पद पर रहने पर रोक लगा दी गई। इसके बाद पद पर सिर्फ एक व्यक्ति रहता है।

### टाटा में किसकी कितनी हिस्सेदारी?

टाटा समूह में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा ट्रस्ट के पास है, जिससे यह अभी भी समूह का सर्वेसर्वा है। इसके तहत सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट आते हैं, जिनके पास टाटा संस की 52 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसके बाद सबसे अधिक 18.4 प्रतिशत हिस्सेदारी मिस्त्री परिवार के पास है। बाकी 13 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा समूह की कंपनी के पास है और 2.6 प्रतिशत हिस्सेदारी अन्य लोगों के पास है।

**नोएल टाटा बोले- विरासत को आगे बढ़ाने तत्पर रहूंगा**

नोएल टाटा ने अपनी नियुक्ति पर कहा, ''मैं रतन एन. टाटा और टाटा समूह के संस्थापकों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हूं। एक सदी से भी अधिक समय पहले स्थापित टाटा ट्रस्ट्स सामाजिक कल्याण के कार्यों का एक अद्वितीय जरिया है।'' उन्होंने कहा, ''इस अवसर पर हम अपनी विकासात्मक तथा परोपकारी पहल को आगे बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करते हैं।

## भारतीय वन खेलकूद में शामिल होंगे क्रिकेटर सूर्यकुमार यादव



**खास खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

27वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 20 अक्टूबर तक किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। शुक्रवार को वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। प्रतियोगिता में देशभर से वन विभाग के 3000 से अधिक प्रतिभागी और अतिथि शामिल होंगे। प्रतियोगिता में 23 खेल विधाओं की 301 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जो रायपुर के विभिन्न खेल मैदानों, स्पोर्ट्स क्लब और अन्य स्थलों पर होंगी। यह आयोजन वन विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ ही वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति ▶▶|शेष पेज 6 पर

- समापन में आएंगी ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर
- ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट की तैयारियां शुरू

### दुर्गा उत्सव में पहुंचे सीएम

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महानवमी पर्व के अवसर पर राजधानी के कालीबाड़ी चौक में बंगाली कालीबाड़ी समिति द्वारा सजाए दुर्गा पूजा उत्सव पंडाल में मां दुर्गा के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा सहित बंगाली कालीबाड़ी समिति के सदस्य व बड़ी संख्या में दर्शनार्थी उपस्थित रहे।








### पूर्व पार्षद की घर में गोली मारकर हत्या पत्नी-बेटा हिरासत में

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में कल सुबह कांग्रेस के एक पूर्व पार्षद 60 वर्षीय हाजी कलीम खान उर्फ गुड्डू की उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई है। परिवार के लोगों ने पूर्व पार्षद की हत्या का आरोप उनकी पत्नी और दो बेटों पर लगाया है।



### काला जादू करने के दो आरोपी मृत मिले

**जहानाबाद।** बिहार के जहानाबाद जिले में काला जादू करने के दो आरोपी संदिग्ध हालत में मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान काशी चंद्रवंशी और रामबली यादव के रूप में हुई है जिनके शरीर पर गोली से घाव के निशान है। ग्रामीणों का दावा है कि दोनों काला जादू करते थे।



### बांग्लादेश में मंदिर से मुकुट चोरी, मोदी ने किया था भेंट

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2021 में अपनी बांग्लादेश यात्रा के दौरान जेशोरेश्वरी काली मंदिर को उपहार स्वरूप भेंट किया गया सोने का मुकुट की कथित चोरी के मामले में भारत ने बांग्लादेश से जांच करने कहा है।






## टेस्ट : पारी और 47 रन की जीत से श्रृंखला में बनाई बढ़त

# इंग्लैंड जीता, पहली पारी में 500+ रन बनाकर भी हारा पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶| मुल्तान

इंग्लैंड ने कुछ नए रिकॉर्ड का गवाह रहे पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान को पारी और 47 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। पाकिस्तान की टीम मैच के पांचवें और अंतिम दिन पहले सत्र में 220 रन पर आउट हो गई। पाकिस्तान पहली ऐसी टीम बन गई है जिसे पहली पारी में 500 से अधिक रन बनाने के बावजूद पारी के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 556 रन बनाए थे जिसके जवाब में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।

बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच ने अंतिम दिन तीनों विकेट हासिल किए। उन्होंने कुल 30 रन देकर चार विकेट लिए। इससे पहले मैच के चौथे दिन शाम के सत्र में तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स ने पाकिस्तान का शीर्ष क्रम चरमराया था। पाकिस्तान ने सुबह छह विकेट पर 152 रन से आगे खेलना शुरू किया। सलमान और जमाल ने पहले एक घंटे में कोई विकेट नहीं गिरने दिया और सातवें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की। लीच ने सलमान को पगबाधा आउट करके यह साझेदारी तोड़ी और फिर पुछल्ले बल्लेबाजों शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को आउट करने में देर नहीं लगाई।



| 556/10 | 220/10 |
|---|---|
| पहली पारी | दूसरी पारी |

**पाकिस्तान**

पहली पारी **823/7**

**इंग्लैंड**

### इंग्लैंड ने बनाया चौथा सबसे बड़ा स्कोर

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में टेस्ट क्रिकेट का चौथा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। उसकी तरफ से हैरी ब्रूक ने 317 और जो रूट ने 262 रन बनाए। इन दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट मैच मंगलवार से मुल्तान में ही खेला जाएगा जबकि तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 24 अक्टूबर से रावलपिंडी में होगा।

## रणजी ट्रॉफी : छत्तीसगढ़ के छह विकेट पर 277 रन, आयुष-संजीत का अर्धशतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष पांडे और संजीत देसाई के अर्धशतकों की मदद से छत्तीसगढ़ ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी के सत्र के पहले मैच के पहले दिन छह विकेट पर 277 रन बना लिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर अजय मंडल (39) और शुभम अग्रवाल (27) रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों ने सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 60 रन जोड़ लिए हैं।

पांडे और देसाई ने तीसरे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी की। पांडे शतक की ओर बढ़ते नजर आ रहे थे लेकिन आयुष बडोनी ने उन्हें पगबाधा आउट कर दिया। पांडे ने 149 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के की मदद से 89 रन बनाए। वहीं देसाई 115 गेंद में 56 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। दिल्ली के लिये आयुष बडोनी ने दो विकेट लिए जबकि सिमरजीत सिंह, हिमांशु चौहान, रितिक शौकीन और हर्ष त्यागी को एक एक विकेट मिला।

## ब्राजील ने चिली को हराया अर्जेंटीना ने 1-1 से ड्रॉ खेला

साओ पाउलो। स्थानापन्न खिलाड़ी लुइज हेनरिक के 89वें मिनट में किए गए गोल से ब्राजील ने शुरू में पिछड़ने के बाद वापसी करके विश्व कप 2026 के क्वालीफाइंग मैच में चिली पर 2-1 से जीत दर्ज की। इस जीत से ब्राजील दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में राउंड रॉबिन प्रतियोगिता के नौवें दौर के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की टीम ने वेनेजुएला के शहर मातुरिन के मोनुमेंटल स्टेडियम में मैदान गीला होने के कारण 30 मिनट की देरी से शुरू हुए मैच में वेनेजुएला को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। अर्जेंटीना 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में नौ मैचों के बाद 19 अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है। बोलीविया से 1-0 से हारने के बावजूद कोलंबिया के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उरुग्वे 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि ब्राजील के 13 अंक हैं।

## महिला टी20 विश्व कप : आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को नौ विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| दुबई

गत चैंपियन आस्ट्रेलिया ने दाएं हाथ की ऑफस्पिनर एशले गार्डनर (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर शुक्रवार को यहां पाकिस्तान को यहां महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नौ ओवर रहते नौ विकेट से हरा दिया। आस्ट्रेलिया इस तरह लगातार तीसरी जीत से छह अंक लेकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली प्रबल दावेदार बन गई।

गार्डनर के अलावा अनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वारेहैम के दो दो विकेट से आस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 19.5 ओवर में 82 रन पर ढेर कर दिया। अपने दोनों शुरुआती मैच जीतने वाली आस्ट्रेलिया ने यह लक्ष्य 11 ओवर में एक विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। उसके लिए बेथ मूनी ने 15 रन बनाये जबकि एलिसा पैरी 22 रन बनाकर नाबाद रहीं। कप्तान एलिसा हीली 37 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गईं जो टीम के लिए चिंता का विषय होगा। चोटों से जूझ रही पाकिस्तानी टीम के लिए केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी जिसमें आलिया रियाज 26 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं।



## बुमराह बने भारतीय टेस्ट टीम के उप कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का उप कप्तान बनाया गया जो बुधवार से बेंगलुरु में शुरू हो रही है। इस कदम से संकेत मिलता है कि बुमराह को रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार किया जा रहा है, क्योंकि हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दौरान कोई उप कप्तान नहीं था। टीम को घटाकर 15 कर दिया गया है जिसमें 'अनकैप्ड' बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल लखनऊ में बंगाल के खिलाफ उत्तर प्रदेश के रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान कंधे में चोट लगने के बाद बाहर हो गए। वह बांग्लादेश टेस्ट श्रृंखला का हिस्सा थे। हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, मयंक यादव और प्रसिद्ध कृष्णा को रिजर्व रखा गया।



**भारत की टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

### स्वर्णिम युग को पुनर्जीवित करेगी एचआईएल : सरदार

बेंगलुरु। अपने जमाने के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व कप्तान सरदार सिंह का मानना है कि हॉकी इंडिया लीग के फिर से शुरू होने से भारतीय हॉकी को अपने स्वर्णिम दिनों में लौटने में मदद मिलेगी। एचआईएल की नीलामी के लिए 1,000 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। पुरुषों की नीलामी 13 और 14 अक्टूबर को, जबकि महिलाओं की नीलामी 15 अक्टूबर को होगी। यह लीग सात साल बाद वापसी करने जा रही है। सरदार ने कहा, 'एचआईएल इस बार बड़ी और बेहतर होगी।

## आज बांग्लादेश पर क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत



एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

पहले दो मैच में आसान जीत दर्ज करके श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरगी।

भारत ने अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम देकर इस टी20 श्रृंखला में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया जिन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर की रणनीति पर पूरी तरह से अमल करके जीत का जज्बा दिखाया। बांग्लादेश के खिलाफ ही कुछ दिन पहले कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने जिस तरह से परिणाम हासिल करने के लिए आक्रामक क्रिकेट खेली उससे टीम के नए दृष्टिकोण का पता चलता है। भारत ने दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 2-0 से जीती थी और अब वह टी20 श्रृंखला में भी 3-0 से जीत दर्ज करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए टीम प्रबंधन कुछ अच्छे विकल्प तैयार करने पर भी ध्यान दे रहा है। फिर चाहे वह तेज गेंदबाज मयंक यादव हों या स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, गंभीर उनके प्रदर्शन पर करीबी नजर रखे हुए हैं और इन खिलाड़ियों ने भी अभी तक अपने मुख्य कोच को निराश नहीं किया है।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घर का समस्त कार्य करने के लिए मेहनती एक लड़की/महिला कामवाली की,24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा मुफ़्त जल्दी **संपर्क करें - रायपुर** mobile - 7024379094 , 9171877210. (RO-298)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरा पारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645.** (RO-3038)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- ओटी टेक्नीशियन (पुरूष), PRO, नर्स, अनुभवी को प्राथमिकता रहने की सुविधा- **कैलाश कान्ता हॉस्पिटल ओवरब्रिज के नीचे जोरा रायुपर - 9300734153, 0771-2994153.** (RO-1001)

आवश्यकता है- स्टाफ नर्स, ट्रेनी नर्स एवं वार्ड बॉय की आवश्यकता है रहने की सुविधा, **संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.** (RO-3043)

**क्लीनिक कार्य**

आवश्यकता है- डेंटल क्लीनिक, रायपुरा चौक में काम करने के लिए लड़के/लड़कीयों की आवश्यकता हैं। **सम्पर्क करें- ओम सांई डिजीटल डेंटल क्लीनिक, मो. नं. 8085354424, 6260978207, 0771-4086030.** (RO-6958)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- सर्जिकल आफिस में सामान छोडने, लाने हेतु लडको की आवश्यकता है। योग्यता,10 वी, 12 वी,स्वयं की बाईक अनिवार्य **संपर्क करे:- रामा मेडिटेक ,गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर -15/A, रायपुर 7089933233.** (RO-808)

**ड्रायवर/घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर, शंकर नगर vip वी आई पी कॉलोनी में एक ड्राइवर एवं घरेलू काम के लिए पति पत्नी (फैमिली) की आवश्कता है, रहने के लिए कमरा उपलब्ध है, **संपर्क करें 94252 05358.** (RO-20)

आवश्यकता है- रायपुर मे घरेलू कर चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड के साथ संपर्क करें। 9329121313. (RO-2430)

**कुक/सफाई कर्मी**

आवश्यकता है- ऑफिस में साफ -सफाई एवं चाय /पानी पिलाने हेतु 10 पद लड़के की आवश्यकता है। वेतन चार अंको में **संपर्क शॉप नंबर 12 रेलवे क्रॉसिंग के पास आकाशगंगा सुपेला** mo.- 9827806026.(आरो-6388)

आवश्यकता है- देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने कुक, रोटी बनाने हेतु महिला एवं ड्राइवर की। रहना, खाना फ्री। तुरन्त **संपर्क करे:- मो.-** 9303657790, 7970259986.(आरो न.-602)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Avai'able for Ad. 6263818152

**स्टेशनरी कार्य**

आवश्यकता है- स्टेशनरी शो रूम में काम करने हेतु लड़के एंव लड़कीयों की आवश्यकता हैं। समय 11 से 9 वेतन योग्यतानुसार **डायरी हाऊस बंजारी रोड गोल बाजार रायपुर 0771-4036253, 9329100996.**(RO-5967)

**Education शिक्षण**

मेडिकल प्रवेश- 10वीं, 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए 2वर्षीय मेडिकल कोर्स शासन से मान्यता प्राप्त DIPLOMA IN CMS & ED- 2 वर्षीय, C.C.H. CERTIFICATE IN COMMUNITY HEALTH एलोपैथीक। चिकित्सा प्रमाण पत्र में प्रवेश प्रारंभ सीट- 25 (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोलने के लिए मान्य ) संपर्क करें:- संजीवनी कॉलेज ओमपरिसर, आर्यनगर दुर्ग ( छ.ग.) 0788-4060006, 9893579048.(आरो न.-6387)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-** APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:-** 9350674841, 9350674841.(RO-3035)

फाइनेंस - लोन! लोन! लोन! DHANI FINANCE (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) **संपर्क:-** 9201996879.(RO-3040)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**For Rent किराया**

किराये पर उपलब्ध है- तालपुरी ए ब्लॉक में 180 वर्गफ़ीट की दुकान। क्लिनिक, डैलिनीड्स, बुटिक, ब्यूटीपार्लर, मेडिकल स्टोर, लॉड्री हेतु किराए पर उपलब्ध। पानी ,वाशरूम उप्लब्ध, MO.- 94252-38690,79997-73431.(आरो न.-601)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी... CLASSIFIED RATE CARD 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर
शनिवार, 12 अक्टूबर 2024
आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी
वर्ष : 23, अंक : 87
पृष्ठ : 16+8 = 24 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 33.6
न्यून. 25.3







# नासिक आर्मी स्कूल में ट्रेनिंग के दौरान फटा गोला, दो अग्निवीर जवानों की मौत

**खास बातें**

- हैदराबाद से आए थे देवलाली के आर्टिलरी स्कूल में प्रशिक्षण लेने
- एनसीपी ने की शहीद का दर्जा देने की मांग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के नासिक जिले में स्थित आर्टिलरी सेंटर में फायरिंग अभ्यास के दौरान भारतीय फील्ड गन से निकले गोले के फटने से दो अग्निवीरों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अग्निवीर हैदराबाद से महाराष्ट्र के नासिक के देवलाली में आर्टिलरी स्कूल में प्रशिक्षण के लिए आए थे। सेना ने दुर्घटना के सही कारण का पता लगाने के लिए घटना की जांच के आदेश दिए हैं। एक अधिकारी



ने बताया कि यह घटना गुरुवार दोपहर नासिक रोड इलाके में आर्टिलरी सेंटर में हुई। उन्होंने बताया कि विस्फोट में अग्निवीर गोहिल विश्वराज सिंह (20) और सैफत शिट (21) की मौत हो गई। अग्निवीरों की एक टीम भारतीय फील्ड गन से फायरिंग कर रही थी, तभी एक गोला फट गया। अधिकारी ने बताया कि दोनों घायल हो गए और उन्हें देवलाली के एमएच अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हवलदार अजीत कुमार की शिकायत के आधार पर देवलाली कैंप पुलिस में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## हफ्तेभर पहले गई थी एक और अग्निवीर की जान



एक हफ्ता पहले 4 अक्टूबर को आग बुझाने की मॉक ड्रिल के दौरान अग्निवीर की मौत हो गई थी। यह हादसा राजस्थान के भरतपुर में हुआ था। अग्निवीर सौरभ आर्मी क्षेत्र 103 एडी बटालियन में तैनात था। ट्रेनिंग कैंप में फायर मॉक ड्रिल के दौरान सौरभ ने सिलेंडर को उल्टा पटका और वह धमाके के साथ फट गया। सिलेंडर के टुकड़े जवान की छाती में लगे। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ घंटे बाद उसने दम तोड़ दिया।


## एनसीपी ने की शहीद का दर्जा देने की मांग

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने दोनों अग्निवीरों को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। एनसीपी नेत्री सुप्रिया सुले ने एक्स पर लिखा- ये घटना बेहद दुखद है। इन दोनों जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। रक्षा मंत्रालय को इन दोनों जवानों को शहीद का दर्जा देना चाहिए। साथ ही उनके परिवारों को मुआवजा भी दें।

**ये है अग्निपथ स्कीम :** केंद्र सरकार ने 2022 में अग्निपथ स्कीम लॉन्च की थी। इसके तहत आर्मी, नेवी और एयर फोर्स में चार साल के लिए नौजवानों को कॉन्ट्रैक्ट पर भर्ती किया जाता है। 4 साल में छह महीने की ट्रेनिंग भी शामिल है। चार साल बाद अग्निवीरों को उनकी कार्यक्षमता के आधार पर रेटिंग दी जाएगी। इसी मेरिट के आधार पर 25% अग्निवीरों को परमानेंट सर्विस में लिया जाएगा। बाकी लोग वापस सिविल दुनिया में आ जाएंगे।

**अंतरिक्ष में नए कारनामे की तैयारी**

# 52 सर्विलांस सैटेलाइट्स के लॉन्च को केंद्र की मंजूरी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति (CCS) ने अंतरिक्ष आधारित सर्विलांस मिशन के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है। इसका मकसद सिविलियन और मिलिट्री एप्लिकेशन्स के लिए बेहतर भूमि व समुद्री डोमेन तैयार करना है। यह प्रोजेक्ट राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय की ओर से हैंडल किया जाएगा, जहां रक्षा मंत्रालय में एकीकृत मुख्यालय के तहत डिफेंस स्पेस एजेंसी भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार फिलहाल इस मंजूरी पर चुप है। हालांकि, माना जा रहा है कि प्रस्ताव में निगरानी के लिए लो अर्थ ऑर्बिट और भूस्थैतिक कक्षा में 52 उपग्रहों का प्रक्षेपण शामिल है। 26,968 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना है। इसके तहत इसरो की ओर से 21 उपग्रहों का निर्माण व प्रक्षेपण होगा। बाकी 31 सैटेलाइट्स की जिम्मेदारी निजी कंपनियों के पास होगी। अंतरिक्ष आधारित सर्विलांस (SBS) 1 की शुरुआत साल 2001 में वाजपेयी सरकार के कार्यकाल में हुई थी।

## दुश्मन की पनडुब्बियों पर रहेगी विशेष नजर

केंद्र सरकार बीते जनवरी में सैन्य उपग्रहों के संयुक्त निर्माण और प्रक्षेपण के लिए फ्रांस के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कर चुकी है। फिहहाल भारत का ध्यान उन क्षमताओं को हासिल करने पर है जो इंडो-पैसिफिक में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगा सकें। साथ ही, सीमा से लगे जमीनी और समुद्री इलाकों में बुनियादी ढांचे के निर्माण को ट्रैक कर सकें। एसबीएस 3 मिशन को अमेरिका स्थित जनरल एटॉमिक्स से 31 प्रीडेटर ड्रोन के भारतीय अधिग्रहण में मदद मिलेगी। बताया जा रहा है कि इस प्लेटफॉर्म में वेपन पैकेज के अलावा बहुत शक्तिशाली निगरानी क्षमताएं हैं। भारत ने 29 मार्च, 2019 को टेस्ट फायरिंग के जरिए अपनी एंटी-सैटेलाइट क्षमताओं का परीक्षण किया, जब भारतीय मिसाइल ने कक्षा में जीवित उपग्रह को नष्ट कर दिया था।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने बुजुर्ग दंपत्ति के हक में सुनाया फैसला**

# मृत बेटे का स्पर्म इस्तेमाल करने की दी परमिशन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक बुजुर्ग दंपति के हक में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उन्हें परमिशन दे दी है कि वो अपने मृत बेटे के स्पर्म को एक्सेस कर सकते हैं और उसका इस्तेमाल प्रजनन के लिए कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि ये पूरा मामला क्या है और बुजुर्ग दंपति ने क्यों हाईकोर्ट से ये गुहार लगाई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में पिछले हफ्ते यह फैसला सुनाया है। दंपत्ति के बेटे की कैंसर की वजह से 2020 में मौत हो गई थी। लेकिन, उसके



स्पर्म को इलाज के दौरान स्टोर करके रखा लिया गया था। अस्पताल प्रबंधन की ओर से बुजुर्ग दंपति को अपने बेटे के स्पर्म को एक्सेस करने की परमिशन नहीं मिल रही थी। अस्पताल का कहना था कि उनके बेटे का कोई पार्टनर नहीं है। इसलिए, वह उसका स्पर्म उसके माता-पिता को नहीं दे सकते हैं। जब अस्पताल प्रबंधन नहीं माना तो बुजुर्ग दंपति कोर्ट पहुंच गया।

## यह है मामला

दरअसल, कैंसर के इलाज के दौरान कीमोथेरेपी होती है और उसके रेडिएशन के चलते स्पर्म की क्वालिटी भी गिर जाती है। ऐसे में मरीजों के स्पर्म को प्रिजर्व करके रखा जाता है। लेकिन, अस्पताल ने दंपति को स्पर्म देने से मना कर दिया। कोर्ट में बुजुर्ग दंपत्ति ने तर्क दिया कि वह अपने बेटे की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए और पोते-पोतियों की परवरिश करने की इच्छा के लिए स्पर्म का एक्सेस चाहते हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि वे अपनी बेटियों के साथ फ्रोजन सीमेन सैंपल का उपयोग करेंगे और सरोगेसी से जो बच्चा पैदा होगा। उसकी पूरी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं।



## एनबीसीसी की इकाई को मिला 1,000 करोड़ का ठेका




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी की इकाई हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन को महाराष्ट्र में गोंडवाना विश्वविद्यालय के परिसर के निर्माण के लिए 1,000 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में गोंडवाना विश्वविद्यालय के परिसर को विकसित करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का ठेका मिला है।

# गौतम अदाणी फोर्ब्स रिच लिस्ट 2024 में सबसे बड़े डॉलर गेनर के रूप में उभरे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी फोर्ब्स इंडिया के 100 सबसे अमीर लोगों की सूची में सबसे ज्यादा डॉलर अर्जित करने वाले व्यक्ति के रूप में उभरे। अदाणी परिवार की कुल संपत्ति बढ़कर 116 बिलियन डॉलर हो गई। अपने भाई विनोद अदाणी के साथ गौतम अदाणी 48 बिलियन डॉलर जोड़कर लिस्ट में दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

- मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 119 .5 बिलियन डॉलर हुई

फोर्ब्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि गौतम अदाणी ने 'पिछले साल के शॉर्ट-सेलिंग अटैक' से मजबूत रिकवरी दर्ज की है। यह संपत्ति में 71 प्रतिशत की वृद्धि के बराबर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी की संपत्ति में 27.5 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 119.5 बिलियन डॉलर हो गई है।

### अदाणी परिवार की कुल संपत्ति बढ़कर 116 बिलियन डॉलर हो गई

#### भारत के 100 अमीर लोगों की कुल संपत्ति एक ट्रिलियन डॉलर पार

फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस रिकॉर्ड तोड़ वर्ष में भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सामूहिक संपत्ति पहली बार एक ट्रिलियन डॉलर के माइलस्टोन को पार कर गई। देश के 80 प्रतिशत से अधिक सबसे अमीर लोग अब एक साल पहले की तुलना में अधिक अमीर हैं और 2019 की तुलना में दोगुने अमीर हैं।



#### देश के 80 फीसदी और भी अमीर हो गए

देश के 80 प्रतिशत से ज्यादा अमीर लोग और भी ज्यादा अमीर हो गए हैं, जिनमें से 58 ने अपनी-अपनी कुल संपत्ति में एक बिलियन डॉलर या उससे ज्यादा की बढ़ोतरी की है। आधा दर्जन लोगों की संपत्ति में 10 बिलियन डॉलर से ज्यादा की वृद्धि हुई है। इसमें वे शीर्ष पांच लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने एक ग्रुप के रूप में करीब 120 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी की है। टॉप 12 लिस्ट के सदस्यों के पास ग्रुप की कुल संपत्ति का लगभग आधा हिस्सा है।

*सूची में पहली बार महिमा दतला शामिल : इस लिस्ट में नई शामिल हुई महिला महिमा दतला निजी स्वामित्व वाली वैक्सीन निर्माता कंपनी बायोलॉजिकल ई को नियंत्रित करती हैं। वह सूची में शामिल चार नए लोगों में से एक हैं। इनमें जेनेरिक दवाओं और फार्मा सामग्री बनाने वाली हेटेरो लैब्स के संस्थापक बी पार्थसारथी रेड्डी भी शामिल हैं।*

#### सावित्री जिंदल पहली बार लिस्ट में तीसरे नंबर पर



भारत की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल, स्टील से लेकर बिजली तक उत्पादित करने वाले समूह ओपी जिंदल ग्रुप की मुखिया हैं। उनके बेटे सज्जन जिंदल ने हाल ही में एमजी मोटर के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों में एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। सावित्री जिंदल पहली बार लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। वे सूची में शामिल नौ महिलाओं में से एक हैं। वे एक साल पहले आठवें स्थान पर थीं।

### राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किए आंकड़े

# देश का औद्योगिक उत्पादन अगस्त में 0.1 % घटा, दो साल में पहली बार आई गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

करीब दो साल के अंतराल के बाद अगस्त महीने में देश के औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आई है। खनन और बिजली क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब होने के साथ विनिर्माण क्षेत्र के लगभग स्थिर रहने से अगस्त में औद्योगिक उत्पादन में 0.1 प्रतिशत की गिरावट आई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को अगस्त, 2024 के लिए औद्योगिक उत्पादन के ये आंकड़े जारी किए। अगस्त, 2023 में औद्योगिक उत्पादन 10.9 प्रतिशत बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को जुलाई के लिए संशोधित कर 4.7 प्रतिशत कर दिया गया है। पहले इसके 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

*पहले पांच माह में औद्योगिक उत्पादन 4.2 फीसदी रहा : इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले पांच माह (अप्रैल-अगस्त) में औद्योगिक उत्पादन 4.2 प्रतिशत बढ़ा है। औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत थी। पता चलता है कि अगस्त में खनन, विनिर्माण और बिजली क्षेत्र का प्रदर्शन खराब रहने से कुल औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आई है।*

### विनिर्माण क्षेत्र लगभग स्थिर रहने का असर पड़ा

#### बुनियादी ढांचे में 1.9 फीसदी की वृद्धि

बुनियादी ढांचे/ निर्माण वस्तुओं में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 15.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में अगस्त में 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि एक साल पहले इसमें 12.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के खंड में अगस्त, 2024 में तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई।



- खनन और बिजली क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब रहा
- अगस्त, 2023 में औद्योगिक उत्पादन 10 .9 प्रतिशत बढ़ा था

*बिजली क्षेत्र में 3.7 फीसदी की गिरावट रही : इस दौरान खनन क्षेत्र में 4.3 प्रतिशत और बिजली क्षेत्र में 3.7 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर सिर्फ एक प्रतिशत रही। एनएसओ ने कहा कि अगस्त में संभवतः भारी बारिश की वजह से खनन क्षेत्र का उत्पादन प्रभावित हुआ।*

*पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि दर घटी : देश के औद्योगिक उत्पादन आंकड़ों में पिछली गिरावट अक्टूबर, 2022 में देखी गई थी। उस समय आईआईपी में 4.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि दर अगस्त, 2024 में घटकर 0.7 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 13.1 प्रतिशत थी।*

#### गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन घटा

गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन 4.5 प्रतिशत घटा है जबकि अगस्त, 2023 में इसमें 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन की वृद्धि भी समीक्षाधीन महीने में धीमी होकर 5.2 प्रतिशत रह गई जबकि अगस्त, 2023 में यह छह प्रतिशत बढ़ा था।

#### बारिश के कारण खनन उत्पादन रहा प्रभावित

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि अगस्त महीने में आईआईपी का मामूली रूप से घटना सामान्य से अधिक बारिश होने से खनन उत्पादन, बिजली की मांग और खुदरा ग्राहकों की संख्या में अस्थायी कमी को दर्शाता है। इसके अलावा प्रतिकूल आधार प्रभाव की भी इसमें भूमिका रही है।

#### सितंबर में बढ़ने की उम्मीद

हालांकि, नायर ने उम्मीद जताई कि त्योहारी मौसम से पहले जीएसटी ई-वे बिलों में वृद्धि तेज होने और अनुकूल आधार प्रभाव की वजह से सितंबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर लगभग तीन-पांच प्रतिशत हो जाएगी।

### बिजनेस साइट

#### रिलायंस डिजिटल का इलेक्ट्रॉनिक्स महोत्सव विजयदशमी पर ग्राहकों के लिए बेहतरीन डील्स

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर, रिलायंस डिजिटल, इस दशहरा पर 'इलेक्ट्रॉनिक्स महोत्सव' सेल का आयोजन कर रहा है। यह सेल उत्सव के माहौल को और भी बढ़ाने के लिए तैयार की गई है, जिसमें शानदार डील्स उपलब्ध हैं। ग्राहक प्रमुख बैंक कार्ड्स से खरीदारी पर 10,000 रुपए तक का इंस्टेंट डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, रिलायंस डिजिटल 22,500 रुपए तक के फायनेंस विकल्प भी प्रदान कर रहा है, जिससे नवीनतम इलेक्ट्रॉनिक्स में अपग्रेड करना पहले से ज्यादा आसान हो गया है।

घर पर थिएटर जैसा अनुभव चाहने वालों के लिए 55 इंच का 4के स्मार्ट टीवी कैशबैक के बाद 27,499 रुपए से शुरू होता है। वहीं, बेहतर कंप्यूटिंग पावर की तलाश करने वाले ग्राहकों के लिए लैपटॉप पर 17,500 रुपए तक का लाभ उपलब्ध है। कोर आई3 लैपटॉप मात्र 25,990 रुपए में और एआई लैपटॉप 63,499 रुपए से शुरू होते हैं। 3050 ग्राफिक्स कार्ड्स वाले गेमिंग लैपटॉप पर भी आकर्षक डील्स उपलब्ध हैं। स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहक आईफोन 14 में अपग्रेड कर सकते हैं और 5,000 तक का इंस्टेंट डिस्काउंट और 4,000 का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। मोटोरोला फोन की विशाल रेंज भी 9,999 रुपए से शुरू होती है, जबकि गूगल पिक्सल सीरीज की कीमत 26,999 रुपए से शुरू होती है। ये सभी ऑफर्स 3 नवंबर 2024 तक रिलायंस डिजिटल और माय जियो स्टोर्स पर मान्य हैं।

#### एक्सिस बैंक ने 'दिल से ओपन सेलिब्रेशन' की घोषणा की

**रायपुर।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने शुक्रवार को 'दिल से ओपन सेलिब्रेशन' की शुरुआत की घोषणा की। इसके तहत, बैंक कार्ड के जरिए ई-कॉमर्स, लाइफस्टाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रैवल, डाइनिंग और किराने के सामान पर रोमांचक डील और छूट की पेशकश की गई। ग्राहक शॉपिंग (अमेजान, फ्लिपकार्ट, मैक्स फैशन, मिंत्रा, टीरा, वेरो मोडा), इलेक्ट्रॉनिक्स (आईएफबी, मोटोरोला, रिलायंस डिजिटल, सैमसंग, श्याओमी), लग्जरी लाइफस्टाइल (कोच, ह्यूगो बॉस, माइकल कोर्स, टुमी), डाइनिंग और ग्रॉसरी (ब्लिंकिट, ईजीडाइनर, स्विगी) और कई अन्य सेगमेंट के लिए प्रमुख ब्रांडों पर 25% तक की छूट का आनंद ले सकते हैं।

#### श्री बालाजी हॉस्पिटल में 100 रु के पंजीयन शुल्क पर सालभर मिलेंगी ओपीडी सेवाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मोवा स्थित श्री बालाजी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने एक नई सुविधा शुरू की है। अब मरीज केवल 100 रुपए के पंजीयन शुल्क पर एक साल तक ओपीडी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत एक बार पंजीकरण कराने के बाद मरीजों को किसी भी डॉक्टर के चेकअप के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। श्री बालाजी हॉस्पिटल 1500 बिस्तरों का एडवांस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल है, साथ ही यह 150 सीटों का अंडर ग्रेजुएट (एमबीबीएस) और 65 सीटों का पोस्ट ग्रेजुएट (एमडी/एमएस) मेडिकल कॉलेज भी है। यह मध्य भारत का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का हॉस्पिटल है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यहां सभी प्रकार के टेस्ट मार्केट दर से आधी कीमत पर उपलब्ध हैं। गंभीर बीमारियों का इलाज आयुष्मान कार्ड से संभव है और सरकारी रिज़र्व पैकेज के तहत सभी ऑपरेशन भी इसी कार्ड से किए जा सकते हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन और गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध है।









हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com